उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमती नगर, लखनऊ

सख्या- 27 /04/कम्प्यूटर अनु0(बारह)/03-परीक्षा/2022

लखनऊः दिनांक- 13 जून, 2022

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या- 03-परीक्षा/2022, सम्मिलित प्रवर /अवर वर्ग सहायक, पूर्ति निरीक्षक मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2021)/04 के अंतर्गत कुल 76 पदों पर चयन हेतु दिनांक 22-04-2022 से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

दिनांक 13-06-2022 को आहूत आयोग की बैठक में प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2021 के स्कोर में वास्तविक (Absolute) स्कोर या नार्मलाइज्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या शून्य से कम / नकारात्मक (Negative) स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्टि न करते हुए, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर प्रवर/ अवर वर्ग सहायक, पूर्ति निरीक्षक के विज्ञापित कुल 76 पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 15 गुना (समान कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए) के अनुसार 2116 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ अंक अनुमोदित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों की सूची में सम्मिलित, जांच के अधीन (Under Investigation-U.I.) एवं औपबन्धिक श्रेणियों के अभ्यर्थी जाँच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के दृष्टिगत उक्त मुख्य परीक्षा में औपबन्धिक रूप से सम्मिलित होंगे।

उक्त विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे मुख्य परीक्षा हेतु अर्हता सम्बन्धी परिणाम आयोग की वेबसाइट के Homepage के Result Segment पर जाकर प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित रजिस्ट्रेशन नंबर एवं अन्य विवरण अंकित कर देख सकते हैं।

प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु देय ऑनलाइन शुल्क के विषय में वेबसाइट के माध्यम से पृथक से सूचित किया जाएगा।

प्रश्नगत विज्ञापन से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-03-परीक्षा/2022 के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का परिणाम तथा गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-218/गोपन/01/05/2022, दिनांक 13-06-2022 द्वारा संसूचित उक्त चयन परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है।

संलग्नक- यथोपरि।

13/06/2022

(अवनीश सक्सेना)

सचिव।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।

संख्याः– 218 /गोपन/01/05/2022
लखनऊः दिनांक 13 जून, 2022

आयोग के विज्ञापन संख्या–03–परीक्षा/2022, सम्मिलित प्रवर/अवर वर्ग सहायक, पूर्ति निरीक्षक मुख्य परीक्षा–(प्रा0अ0प0–2021)/04 के अंतर्गत विज्ञापित कुल 76 पदों पर चयन हेतु प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)–2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिये अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का कट ऑफ अंकः–

लम्बवत आरक्षण

क्रम सं०	श्रेणी	कटऑफ अंक (PET–2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर)
1	अनारक्षित	86.17
2	अनुसूचित जाति	83.82
3	अनुसूचित जनजाति	पद विज्ञापित नहीं है।
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	86.17
5	आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (EWS)	86.17

क्षैतिज आरक्षण

क्रम सं०	श्रेणी	कटऑफ अंक (PET–2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर)
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	पद विज्ञापित नहीं है।
2	विकलांगजन	81.56
3	महिला	83.97
4	सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक	82.37

13/06/2022

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।